प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
एस.पी.एम.यू., उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
मेरठ, वाराणसी एवं कानपुर नगर।

पत्रांकः एस.पी.एम.यू. / नर्सिंग सेल / 6 / 2016–17 / 5822-3 दिनांकः 27-9-16

विषयः Strengthening of Pre-service Education and Midwifery कार्यक्रम के अंतर्गत सहयोगात्मक पर्वेक्षण भ्रमण के सम्बंध मे दिशा–निर्देश।

महोदय,

आप अवगत है कि 'प्री–सर्विस एजूकेशन फॉर द नर्सिंग एवं मिडवाइफरी'' कार्यक्रम के अन्तर्गत कालेज आफ नर्सिंग एवं जी0एन0एम0 स्कूल्स में तैनात नर्सिंग ट्यूटर्स की क्षमता विकास के लिए नेशनल नोडल सेन्टर्स में छः सप्ताह का प्रशिक्षण एवं टी0एन0आई0 नोएडा में छः दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इन प्रशिक्षित नर्सिंग ट्यूटर्स के माध्यम से उनके निकटतम जनपद के जी0एन0एम0 स्कूल एवं उसमे तैनात नर्सिंग ट्यूटर्स का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण किया जाना है।

उपर्युक्त गतिविधि हेतु एफ0एम0आर0 कोड ए.9.1.3 Training Motivation and Follow-up Visit में स्वीकृत कुल रु0 1.68 लाख की धनराशि वर्ष 2016–17 के लिए कालेज आफ नर्सिंग (एस0एन0सी0) मेरठ एवं वाराणसी के लिए सम्बंधित जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में निम्न विवरणानुसार अवमुक्त की जा रही हैः–

S. N.	District Name	College of Nursing	Number of NMTs	Visits to be done by NMTs	TA per visit (Rs.)	DA (2Days) @ 750.00 PM (Rs.)	Accommodation (Rs.)	Total Budget (Rs.)
1	Meerut	SNC Meerut	2	12	4000.00	1500.00	1500.00	84000.00
2	Varanasi	SNC Varanasi	2	12	4000.00	1500.00.	1500.00	84000.00
			कुल (एक रुपये लाख अरसठ हजार मात्र)					168000.00

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु जी0एन0एम0 स्कूल्स का आवंटनः–

- कालेज आफ नर्सिंग मेरठ को जनपद–मेरठ, आगरा एवं बरेली के जी0एन0एम0 स्कूल आवंटित किये जाते है।
- कालेज आफ नर्सिंग वाराणसी को जनपद–वाराणसी, इलाहाबाद एवं गोरखपुर के जी0एन0एम0 स्कूल आवंटित किये जाते है।
- कालेज आफ नर्सिंग कानपुर को जनपद–कानपुर एवं लखनऊ के जी0एन0एम0 स्कूल आवंटित किये जाते है।

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान की जाने वाले कार्यः–

- प्रत्येक नर्सिंग मिडवाईफिरी ट्यूटर्स द्वारा दो माह में एक बार आवंटित जी0एन0एम0 स्कूल्स का दो दिवसीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया जाना है, जिसमें निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना होगा।
  i. आई0एन0सी0 मानको के अनुसार जी0एन0एम0 स्कूल विभिन्न स्किल लैबों की स्थापना।
  ii. जी0एन0एम0 स्कूल मे तैनात नर्सिंग ट्यूटर्स का OSCE based कॉम्पीटेंसी एसेसमेन्ट।
  iii. नर्सिंग ट्यूटर्स का कौशल विकास हेतु Mannequins पर आन साइट प्रशिक्षण दिया जाना।
  iv. नर्सिंग स्कूल से सम्बद्ध क्लीनिकल प्रेक्टिस हेतु चयनित चिकित्सालय का भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार अनुश्रवण तथा नर्सिंग छात्रों द्वारा किये जा रहे कार्यो का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया जाना।
  v. जी0एन0एम0 स्कूल मे रखे जाने वाले समस्त अभिलेखों के रख–रखाव में सहयोग प्रदान करना आदि।

- नर्सिंग मिडवाईफिरी ट्यूटर्स अपने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान संलग्न चेक लिस्ट भरेंगी तथा जिन बिन्दुओं पर सुधार की आवश्यकता है उनको अपने निर्देशन में पूर्ण कराने का प्रयास करेंगे **(चेक लिस्ट संलग्न)**।
- नर्सिंग मिडवाईफिरी ट्यूटर्स अपने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान भरी गई चेक लिस्ट की एक प्रति नर्सिंग सेल एस0पी0एम0यू0, लखनऊ के Email Id- spmunursingcellup@gmail.com पर उपलब्ध करायेंगे।
- नर्सिंग मिडवाईफिरी ट्यूटर्स को टी0ए0 एवं डी0ए0 का भुगतान मानकानुसार तैनाती स्थल से सक्षम अधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त देय होगा तथा टी0ए0 हेतु रेल किराया तृतीय श्रेणी का अनुमन्य होगा। समस्त भुगतान वास्तविकता के आधार पर निर्धारित बजट सीमा के अर्न्तगत किया जाये।
- कालेज आफ नर्सिंग कानपुर के नर्सिंग मिडवाईफिरी ट्यूटर्स द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण का समस्त वित्तीय व्यय 'जपाइगो संस्था' द्वारा वहन किया जायेगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि कार्यक्रम के अर्न्तगत जनपद स्तर पर अवमुक्त की जा रही धनराशि का उपयोग एन0एच0एम0 की वित्तीय आपरेशनल गाइडलाइन्स फार फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार करना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः यथोक्त

भवदीय,

(आलोक कुमार)
मिशन निदेशक

पत्रांक : एस.पी.एम.यू. / नर्सिंग सेल / 6 / 2015–16 / तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन, उत्तर प्रदेश।
2. अपर मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
4. वित्त नियंत्रक, एन0एच0एम0, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
5. सम्बंधित अपर निदेशक, (चि0 स्वा0 एवं प0 क0), उत्तर प्रदेश।
6. सम्बधित जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
7. सम्बंधित प्रधानाचार्य, कालेज आफ नर्सिंग, उत्तर प्रदेश।
8. सम्बंधित मण्डलीय / जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
9. राज्य प्रतिनिधि जपाइगो, उत्तर प्रदेश।

(डा0 मधु शर्मा)
महाप्रबन्धक, नियोजन